C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 139 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार ,07 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दिलावर बोले कांग्रेस आतंकवादियों की समर्थक, इनके नेताओं को आतंकियों की मौत पर रोना आता है

### कहा राम मंदिर और धारा 370 का विरोध करने वालों पर भरोसा नहीं किया जा सकता

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग हमेशा से आतंकवादियों के समर्थक रहे हैं। जब भी आतंकवादी मारे जाते हैं, इनके नेता आंसू बहाते हैं। उन्होंने कहा कि बाटला हाउस एनकाउंटर में आतंकवादी मारे गए तो इनकी मां फूट-फूटकर रोई थी। दिलावर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आतंकियों को बचाने के लिए रात में सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे तक खटखटाए और भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया।





### राहुल गांधी के आरोप उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसे

दिलावर ने राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा है। कांग्रेस के लोग बूथ झपटने और छापे लगाने का काम करते रहे हैं, अब दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। चोरों को सब चोर नजर आते हैं, इनकी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

### विदेशी ताकतें समाज को तोड़ने का षड्यंत्र कर रही हैं

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (वीएमओयू ), कोटा में 'सामाजिक समरसता के प्रतीक श्रीराम' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए दिलावर ने कहा कि आज विदेशी ताकतें और आसुरी शक्तियां हमें जाति और समुदाय के आधार पर विभाजित करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमें सावधान रहना होगा। अगर हम एकजुट रहेंगे तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत की तरफ टेढ़ी नजर से नहीं देख पाएगी। लेकिन अगर हममें ऊंच-नीच का भाव आ गया, तो देश कमजोर हो जाएगा।

### समरसता ही भारत की पहचान

मंत्री ने कहा कि समरसता भारतीय समाज का मूल आधार है। सनातन संस्कृति हमें सिखाती है कि भारत माता की सभी संतानें समान हैं। उन्होंने कहा, 'श्रीराम ने समाज को एकजुट कर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की थी। उन्होंने शबरी के झूठे बेर प्रेम से खाए और केवट, निषादराज को सम्मान दिया। हमें भी उसी भावना से समाज में प्रेम और समानता लानी होगी। '

### हर मदरसे में गूंजेगा राष्ट्रगान

मीडिया से बातचीत में दिलावर ने बताया कि राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान में 7 से 26 नवंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार के अधीन सभी मदरसों में भी राष्ट्रगान होगा। '

## हिस्ट्रीशीटर और साथी धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार

### पुर पुलिस की कार्रवाई, तलवार, चाकू और मोटरसाइकिल जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की पुर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर गौरीशंकर उर्फ गोरिया गुर्जर और उसके साथी अंकित खटीक को एक धारदार तलवार, एक चाकू और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला, चोरी और अवैध हथियारों से जुड़े आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

पुलिस ने थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में दो विशेष टीमें गठित की थी। टीमों ने मुखबिरों के जरिए सक्रिय निगरानी बढ़ाई और अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी।

5 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि पुर से लक्ष्मीपुरा रोड पर दो युवक मोटरसाइकिल पर हथियारों के साथ घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस की दो टीमें मौके पर पहुंची। लक्ष्मीपुरा से पुर की ओर आती एक मोटरसाइकिल को रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेरा डालकर उन्हें पकड़ लिया।

मोटरसाइकिल की सीट के नीचे से एक तलवार बरामद हुई, जबकि पीछे बैठे युवक की तलाशी लेने पर जेब से स्टील का चाकू मिला। पूछताछ में दोनों ने हथियार रखने का कोई वैध कारण या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया। इस पर पुलिस ने दोनों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दोनों के खिलाफ पुर, कारोई, गंगरार और प्रतापनगर थानों में चोरी, मारपीट, जानलेवा हमला, और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं।

## शराब के नशे में बस चलाता ड्राइवर गिरफ्तार, बड़ा हादसा टला

### चित्तौड़गढ़ में 60 यात्रियों की जान खतरे में; सवारियों की सूझबूझ से बची दुर्घटना

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

जिले के भदेसर थाना पुलिस ने रोडवेज बस को शराब के नशे में चला रहे ड्राइवर को गिरफ्तार कर बड़ा हादसा टाल दिया। यह बस कोटा से उदयपुर जा रही थी और इसमें 60 से अधिक यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस रवाना होते ही चालक ने शराब पीना शुरू कर दी थी और रास्ते में बस को लहराते हुए तेज गति से चला रहा था। सवारियों ने ड्राइवर की हरकत देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भदेसर थाना पुलिस ने आगे नाकाबंदी की और बस को रोक लिया। एएसआई सुनील महाजन ने मौके पर ड्राइवर की जांच की। मेडिकल में पुष्टि हुई कि वह शराब के नशे में था। आरोपी की पहचान दीपक शर्मा निवासी बूंदी के रूप में हुई। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली।






यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर उतारकर दूसरी बस से उदयपुर रवाना किया गया। लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि यदि समय पर बस नहीं रोकी जाती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस विभाग नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चला रहा है। भदेसर पुलिस की यह कार्रवाई भी उसी सख्ती का हिस्सा है।

## खाटू श्यामजी से लौटते परिवार की कार हादसे में तबाही

### नेशनल हाइवे पर कार पुलिया से टकराई, दंपती की मौत, बेटा-बहू घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

खाटूश्याम जी से दर्शन कर लौट रहे एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। गुरुवार सुबह नेशनल हाइवे 148 डी पर दूल्हेपुरा और बालापुरा के बीच एक भीषण सड़क हादसे में दंपती की मौत हो गई, जबकि बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब कार के सामने अचानक गौवंश आ गया और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

जानकारी के अनुसार, करेड़ा थाना क्षेत्र के दौड़खेड़ा गांव निवासी शांतिलाल लौहार, उनकी पत्नी पुष्पा, बेटा राकेश और बहू सीमा बुधवार को खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए गए थे। देर रात दर्शन के बाद सभी वापस घर लौट रहे थे। सुबह करीब चार बजे जब उनकी कार आसींद के पास दूल्हेपुरा और बालापुरा के बीच पहुंची, तभी सड़क पर अचानक एक गौवंश आ गया। राकेश ने बचाने की कोशिश की, लेकिन कार पुलिया से जा टकराई और पलट गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। शांतिलाल और पुष्पा की मौके पर ही मौत हो गई। बेटा राकेश और बहू सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना मिलते ही शंभुगढ़ थाना प्रभारी मोतीलाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आसींद अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क सुरक्षा अभियान में प्रदेश में बड़ी कार्रवाई: 15 हजार लोगों को किया जागरूक, 5500 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में 4 से 18 नवंबर तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दो दिन पुलिस और परिवहन विभाग ने व्यापक कार्रवाई की।

अतिरिक्त डीजी यातायात डॉ. बी.एल. मीना के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाने पर 307, तेज गति पर 2743, गलत दिशा में 753, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 178, और बिना नंबर प्लेट 529 चालकों पर कार्रवाई हुई। पहले दिन 15,600 से अधिक लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

राजमार्गों पर लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू करने के लिए 135 पुलिस जाप्तों ने प्रचार-प्रसार किया और 143 जाप्ते तैनात किए गए। नियम तोड़ने पर 49 वाहनों के चालान किए गए।



4 व 5 नवंबर को विभाग ने 2758 वाहनों के चालान, 83 ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त, 7 परमिट रद्द और 116 वाहन सीज किए। इनमें ओवरलोडिंग, अधिक यात्री, और छत पर सामान रखने जैसी लापरवाहियों पर कार्रवाई शामिल है।

सरकार का लक्ष्य सड़क हादसों में कमी लाना, यातायात अनुशासन बढ़ाना और सड़क सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करना है।

### जिले में 18 नवंबर तक चलेगा अभियान, कई वाहन जब्त, दर्जनों चालकों पर कार्रवाई

**भीलवाड़ा।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 4 नवंबर से 18 नवंबर तक जिलेभर में चलाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक, राजस्थान के निर्देशों की पालना में जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई है।

शहर में प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहन प्रवेश करने पर दो वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया गया, वहीं मुख्य डाकघर के लिए सरकारी सामान लेकर प्रवेश करने वाले एक कंटेनर को यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम.वी. एक्ट के तहत जप्त किया।

विशेष अभियान के दौरान 5 नवंबर को यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले कुल 8 वाहनों को जप्त किया। इसके अलावा तेज गति से वाहन चलाने पर 95 चालकों, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर 13 चालकों, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर 8 चालकों, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर 9 चालकों, तथा काली फिल्म लगाने वाले 16 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## श्री बनी के बालाजी क्रिकेट कप सीजन 4 का हुआ उद्घाटन, 24 टीमों के बीच होंगे मुकाबले



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

विक्रमपुरा में आयोजित श्री बनी के बालाजी क्रिकेट कप सीजन 4 का भव्य उद्घाटन गुरुवार को हुआ। उद्घाटन में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत विक्रमपुरा एडवोकेट मुकेश कुमार धाकड़, डॉ. अजीत धाकड़ , मुकेश धाकड़ , भामाशाह शंकर लाल धाकड़ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विनायक नवयुवक मंडल की ओर से अतिथियों का अभिनंदन किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस साल टूर्नामेंट में कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं, और रोजाना चार मैच खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 81 हज़ार रुपए, उपविजेता टीम को 41 हज़ार रुपए तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हज़ार रुपए नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

## अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रेलर जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए मंगलवार और बीती बुधवार रात दो ट्रेलरों को जब्त किया। थाना अधिकारी जय सुल्तान ने बताया कि मंगलवार देर रात कस्बे के भेरुनाथ मंदिर के पास से एक ट्रेलर जब्त किया गया। वहीं, बुधवार देर रात बिलिया के पास अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक और ट्रेलर को पकड़ लिया गया। इस दौरान ट्रेलर का चालक देवकिशन गुर्जर 22 वर्ष, निवासी मोही को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचना दी।

## पुलिस का सख्त एक्शन, 39 शराबियों पर कसा शिकंजा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर शराबियों के विरुद्ध अभियान चलाया। शहर में रात 8 बजे के बाद भी शराब की खुली बिक्री और सेवन को देखते हुए पुलिस ने विशेष कार्रवाई करते हुए 3 दर्जन से अधिक शराबियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देश पर अभियान के दौरान शराब ठेकों और रोड साइड अस्थायी बार में शराब पी रहे लोगों की तलाशी ली गई और 3 दर्जन आरोपीयो को प्रतापनगर थाने लाया गया। शराबियों पर हुई कार्रवाई के बाद शराब ठेके संचालकों और उनके साथियों में हड़कंप मच गया। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार पूरे प्रदेश में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके, भीलवाड़ा शहर में नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही थी।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के
समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक
घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित
करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# अंधविश्वास की आग में झुलसा मासूमः भोपे ने 9 माह के बच्चे को गर्म सरिये से दागा, हालत नाज़ुक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





इंरास गांव में अंधविश्वास के चलते 9 महीने के मासूम को गर्म सरिये से दाग दिया गया। परिजनों ने सर्दी-जुकाम और सांस लेने में दिक्कत पर बच्चे को अस्पताल ले जाने की बजाय गांव के भोपा के पास दिखाया। भोपा ने डाम लगाने के नाम पर बच्चे के शरीर पर गर्म सरिया रख दिया।

डाम लगाने के कुछ घंटे बाद ही बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। घबराए परिजन उसे भीलवाड़ा के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने तुरंत भर्ती कर इलाज शुरू किया। फिलहाल मासूम खतरे से बाहर है।

अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। थाना प्रभारी कैलाश बिश्नोई ने बताया कि भोपा और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। डॉक्टर्स ने लोगों से अपील की है कि बीमार बच्चों का इलाज झाड़-फूंक या डाम लगाने से नहीं, चिकित्सकीय सलाह से ही कराएं।

## बोरड़ा बावरियान वन क्षेत्र से 500 क्विंटल लकड़ी गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**





**मूलचंद पेसवानी ।** पंचायत समिति क्षेत्र की बोरड़ा बावरियान ग्राम पंचायत में स्थित आरक्षित वन क्षेत्र से बीते तीन दिनों में करीब 500 क्विंटल लकड़ी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब 674 बीघा में फैले इस वन क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने जेसीबी मशीन से पेड़ काटकर लकड़ी उठाई, जबकि वन विभाग के पहरेदारों को भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों ने कटाई रोकने का प्रयास किया, लेकिन जेसीबी संचालित लोग मौके से भाग गए। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया है। उनका कहना है कि वे अपने क्षेत्र की लकड़ी को किसी भी कीमत पर बाहर नहीं जाने देंगे।

पहले मौके पर वन विभाग के पहरेदार ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज की, लेकिन जिला अधिकारियों की राय इससे अलग रही। गुरुवार को जिला अधिकारी भीलवाड़ा के निर्देश पर मांडलगढ़ की उपजिला वन अधिकारी पायल माथुर और शाहपुरा रेंजर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि कानून अपने हाथ में न लें और बताया कि केंद्र सरकार द्वारा वन क्षेत्र में कोई ऑनलाइन निविदा जारी की गई थी, जिसके तहत ठेकेदार कार्य कर रहे होंगे। हालांकि, निविदा और कार्य आदेश की प्रति मांगने पर अधिकारी कोई दस्तावेज नहीं पेश कर सके। ग्रामीणों ने कहा कि अगर वैध ठेका था तो विभाग और ग्रामवासियों को क्यों सूचित नहीं किया गया। उनका आरोप है कि कटाई देर रात तक चल रही थी और बिना विभाग की जानकारी इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी की कटाई संभव नहीं। विरोध प्रदर्शन में दुदाराम गुर्जर, पराक्रम सिंह, रामस्वरूप गुर्जर, आसाराम बावरी, सरवन बावरी, राजकुमार गुर्जर, अंकित शर्मा, बालकिशन गुर्जर, दिनेश सेन, सावरा, भैंरूलाल फागण और कालू सिंह राणावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने वन विभाग की कार्रवाई की पारदर्शिता की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की अपील की।

# आकोला में बजरी माफियाओं की तानाशाही, वैध ठेकेदारों और श्रमिकों को धमकाया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** आकोला क्षेत्र में ग्रामीणों की आड़ में बजरी माफियाओं द्वारा वैध ठेकेदारों और श्रमिकों को धमकाने और उनके कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। क्षेत्र में विधिवत लाईसेंस प्राप्त ठेकेदार बनास नदी के बजरी ब्लॉक 7 में कानूनी प्रक्रिया के तहत खनन कार्य कर रहे हैं, जिससे स्थानीय श्रमिकों और ट्रेक्टर मालिकों को रोजगार भी मिल रहा है।

आकोला ग्राम पंचायत प्रशासक शिवलाल जाट के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि कुछ असामाजिक तत्व, जो पहले अवैध खनन में संलिप्त रहे हैं, अब ग्रामीणों की आड़ में वैध ठेकेदारों को धमका रहे हैं और उनके काम में बाधा डाल रहे हैं। ये लोग क्षेत्रीय नहीं बल्कि बाहरी हैं और झूठी अफवाहें फैलाकर स्थानीय लोगों को भड़का रहे हैं।

प्रशासक जाट ने कहा कि इन असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि वैध खनन कार्य भी बाधित हो रहा है। यदि त्वरित कार्रवाई नहीं की गई, तो ठेकेदारों और श्रमिकों के लिए काम करना और कठिन हो जाएगा।

ज्ञापन में जिला प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग से आग्रह किया गया है कि आकोला क्षेत्र में केवल वैध और लाईसेंस प्राप्त ठेकेदारों द्वारा खनन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो, ताकि स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिलता रहे और शासन को राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित हो।



## QUICK BITES

## 26 जनवरी तक कोटड़ी को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।




**राजेंद्र बबलू पोखरना ।** पंचायत समिति कोटड़ी क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक कचरा लाओ, शक्कर ले जाओ मुहिम तेजी पकड़ रही है। ग्रामीण अब जागरूक होकर प्लास्टिक कचरा पंचायत कार्यालयों में जमा करा रहे हैं। सभी 33 ग्राम पंचायतों में संग्रहण कक्ष बनाए गए हैं। प्रधान करण सिंह बेलवा और विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने बताया कि एकत्र प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग मशीन से पुनर्चक्रित कर प्लास्टिक उद्योगों को कच्चे माल के रूप में भेजा जाएगा। लगभग 16 लाख रुपये की लागत से यह मशीन ब्लॉक स्तर पर लगाई जाएगी। अभियान का लक्ष्य 26 जनवरी तक कोटड़ी को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाना है। प्रत्येक ग्राम पंचायत को नवंबर में 100 किलो प्लास्टिक एकत्र करने का लक्ष्य दिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से कपड़े, जूट और पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देने और अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## इंदौर सांसद का हुआ स्वागत, सिंधी समाज के कार्यकर्ताओं ने किया शिष्टाचार भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



इंदौर सांसद शंकर लालवानी के अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन पर स्वागत किया गया। भाजपा नेता विनोद झुरानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। पंकज आडवाणी ने बताया कि सांसद लालवानी के अल्प प्रवास के दौरान सिंधी समाज के कार्यकर्ताओं ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सामाजिक, सांस्कृतिक व जनसेवा से जुड़ी गतिविधियों पर चर्चा हुई। सांसद लालवानी ने भीलवाड़ा आगमन पर सभी के स्नेह व आदर के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिंधी समाज सदैव राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता आया है। उन्होंने संगठन की मजबूती और समाजसेवा के कार्यों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान पार्षद किशोर सोनी, मनीष सबदानी, किशोर लखवानी, मनीष जेठानी, कमल वेशनानी, हिमांशु मानवानी, यश झूरानी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# गिव अप अभियान : भीलवाड़ा में मिसाल , 2.62 लाख अपात्र हटे, 2.42 लाख पात्रों को मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा शुरू किया गया गिव अप अभियान भीलवाड़ा जिले में पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की नई मिसाल बनता जा रहा है। जिले ने इस अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक 1 लाख 85 हज़ार 977 लोगों से स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का लाभ त्याग करवाया है। वहीं, ई-केवाईसी प्रक्रिया के जरिए 76 हज़ार 671 अपात्र व्यक्तियों को सूची से बाहर किया गया है। इस तरह कुल 2 लाख 62 हज़ार 648अपात्र लाभार्थियों को योजना से हटाया गया है।

इन अपात्रों को हटाने के बाद 2 लाख 42 हज़ार 779 पात्र लेकिन अब तक वंचित लोगों को एनएफएसए सूची में शामिल कर लाभान्वित किया गया है। इससे न केवल सरकारी सब्सिडियों खाद्य, गैस, बीमा और चिकित्सा पर खर्च में कमी आएगी, बल्कि योग्य लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

**स्वेच्छा से लाभ छोड़ने वालों ने दिखाई जिम्मेदारी**

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कर्मचारियों, आयकरदाताओं तथा एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले नागरिकों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। इस पहल से समाज में जागरूकता की नई लहर आई है और बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से स्वयं को योजना से वंचित कर रहे हैं।

**सभी वर्गों का रहा सहयोग**

मिश्रा ने बताया कि अभियान की सफलता में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, मीडिया ,सोशल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक के साथ-साथ खाद्य विभाग के कर्मचारियों और उचित मूल्य दुकानदारों का भी अहम योगदान रहा।

**31 दिसम्बर तक मौका, नहीं तो करनी होगी वसूली**

उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह योजना 31 दिसम्बर तक लागू है। यदि कोई अपात्र व्यक्ति इस तिथि तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करता है, तो 1 जनवरी से प्रति किलोग्राम 30 रुपये 57 पैसे की दर से उससे गेहूं की वसूली की जाएगी।

इस प्रकार गिव अप अभियान न केवल पारदर्शिता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश कर रहा है, बल्कि यह सुनिश्चित भी कर रहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। यही इसकी सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान में सावर पुलिस अग्रणी, सड़क पर अब दिखेगी सख्ती और सजगता

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश)।** कस्बे व आस-पास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया।

थानाधिकारी मीणा ने बताया कि अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ओवरस्पीडिंग करने वालों के बार-बार चालान पर लाइसेंस निरस्त होगा, तथा हाईवे के आस-पास अतिक्रमण और अवैध कट हटाए जाएंगे।

इसके अलावा ओवरलोडिंग और अवैध ढाबों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया जाएगा।




थानाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंटरसेप्टर वाहन तैनात किए गए हैं, जो नियमों का उल्लंघन करने वालों की निगरानी करेंगे। साथ ही ब्लैक स्पॉट्स का सुधार, रिफलेक्टर्स और संकेतक लगाने, तथा नो-एंट्री जोन में भारी वाहनों की निगरानी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की तुरंत मदद के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है, जबकि ट्रक चालकों की आंखों की जांच 15 नवम्बर से 15 फरवरी तक करवाई जाएगी।

थानाधिकारी मीणा ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों की पालना करें और सड़क सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझें ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# रावणा राजपूत समाज ने मनाया अन्नकूट उत्सव





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

रावणा राजपूत समाज द्वारा श्री कोठा के ठाकुर मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज नोहरे से निकली शोभायात्रा से हुई, जो नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ों की धुन पर जयकारों के साथ ठाकुर जी के मंदिर पहुंची। जहाँ ठाकुर जी को भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद शोभायात्रा पंचायत चौक से होते हुए तेजाजी चौक होते हुए राजभवानी वाटिका पहुंची, जहां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज महासचिव धर्म सिंह पंवार ने बताया कि शोभायात्रा में सभी रावणा सरदार मेवाड़ी साफे धारण किए हुए थे, जबकि महिलाएं राजपूती परिधानों में शामिल हुईं, जिससे पूरा माहौल पारंपरिक रंग में रंग गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सामाजिक व धार्मिक आयोजन समाज की एकता और आपसी प्रेम को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में कोटा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह गोड, कवि राजेंद्र सिंह, रामेश्वर खंडेलवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व उप प्रधान बलवंत सिंह चौहान एवं भामाशाह रूप सिंह तंवर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया नवचयनित आरएएस का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

उपखंड मुख्यालय पर कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों ने गांगलास पंचायत के उदलपुरा निवासी शिवराज कुमावत के राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) में चयनित होने पर सम्मान किया। उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह, तहसीलदार जयसिंह और विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण ने नवचयनित अधिकारी का माल्यार्पण, साफा और गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया।



अभी हाल ही में घोषित आरएएस परीक्षा में शिवराज कुमावत ने 92वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके चयन से पूरे आसींद क्षेत्र में खुशी की लहर है।

उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि, आसींद क्षेत्र के अभ्यर्थियों का लगातार प्रशासनिक सेवाओं में चयन होना संपूर्ण उपखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि अधिकांश चयनित अभ्यर्थी साधारण किसान परिवारों से हैं, जो उनकी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम में सहायक प्रशासनिक अधिकारी भगवान सिंह सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

सम्मान समारोह के दौरान शिवराज कुमावत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# हमीरगढ़ में 3.56 करोड़ की शहरी जल योजना और 264.61 करोड़ की चम्बल परियोजना का हुआ भूमि पूजन

## जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व विधायक लादूलाल पितलिया ने किया शिलान्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में गुरुवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी एवं सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया ने दुडिया गांव स्थित बनास नदी किनारे बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में अमृत 2.0 योजनांतर्गत हमीरगढ़ शहरी जल योजना लागत 3.56 करोड़ रुपए तथा जल जीवन मिशन के तहत चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना चरण-द्वितीय पैकेज-चतुर्थ के रेट्रोफिटिंग कार्य 264.61 करोड़ रुपए का भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम में मांडल विधायक उदयलाल भडाणा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री चौधरी का जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं क्षेत्रवासियों की ओर से साफा, माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

मंत्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। चम्बल परियोजना और अमृत 2.0 योजनाएं ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान साबित होंगी।

विधायक लादूलाल पितलिया ने कहा कि यह परियोजनाएं सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात हैं। इसके पूर्ण होने पर गांवों और कस्बों में जल संकट काफी हद तक दूर होगा।

इस दौरान दुडिया, कोटड़ी, समोडी, हमीरगढ़, कोचरिया, औझाघर, मोमी, रायडा, देवली, भैसाकुंडल एवं औज्याड़ा सहित विभिन्न ग्रामों में उच्च जलाशयों (पानी की टंकियों) के शिलान्यास कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

समारोह में जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर जाट, पूर्व विधायक डॉ. बालूराम चौधरी, विधानसभा संयोजक रामेश्वर छिपा, प्रधान पति चावंड सिंह, पूर्व चेयरमैन रेखा परिहार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 13-14 नवंबर को फंक्शनल असेसमेंट कैंप

## भीलवाड़ा में दो दिवसीय शिविर, मेडिकल बोर्ड करेगा परीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




समग्र शिक्षा कार्यालय की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं के लिए 13 और 14 नवंबर को फंक्शनल असेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सीताराम धर्मशाला, महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में लगाया जाएगा।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कल्पना शर्मा ने बताया कि इस शिविर में ऐसे बच्चे भाग ले सकेंगे जिन्होंने पहले इस प्रकार के किसी शिविर में भाग नहीं लिया है और जो कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत हैं या अनामांकित हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान मेडिकल बोर्ड द्वारा बच्चों की जांच की जाएगी। आवश्यकता अनुसार प्रमाण पत्र, निःशुल्क रेल और बस पास, साथ ही अंग उपकरण दिलवाने की अनुशंसा भी की जाएगी। समग्र शिक्षा द्वारा चिन्हित बच्चों को आगे चलकर अन्य शिविरों में ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर्स आदि सहायक सामग्री भी वितरित की जाएगी।

शिविर में पहले दिन 13 नवंबर को आसींद, बदनोर, मांडल, हुरड़ा, बनेड़ा, शाहपुरा और जहाजपुर क्षेत्र के बच्चे शामिल होंगे, जबकि दूसरे दिन 14 नवंबर को करेडा, कोटड़ी, मांडलगढ़, सुवाणा, बिजोलिया, रायपुर और सहाड़ा क्षेत्र के बच्चों को आमंत्रित किया गया है।

# विधायक कोठारी के प्रयासों से भीलवाड़ा को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान

## 5 करोड़ की स्वीकृति, खिलाड़ियों ने विधायक और कलेक्टर का जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय हॉकी की 100 वर्ष की गौरवमयी यात्रा के ऐतिहासिक अवसर पर भीलवाड़ा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान की बहुप्रतीक्षित सौगात मिली है। यह उपलब्धि विधायक अशोक कोठारी के अथक प्रयासों और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की सकारात्मक अनुशंसा से संभव हुई है।

प्रताप नगर स्कूल के हॉकी मैदान पर इस अत्याधुनिक टर्फ के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मैदान बनने के बाद भीलवाड़ा में अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी तैयार होंगे, जो विश्व पटल पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

हॉकी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए यह सौगात किसी सपने के साकार होने जैसी है। पिछले दो दशकों से जिले के खिलाड़ी और प्रशिक्षक जिस सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे थे, वह अब पूरी होने जा रही है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भीलवाड़ा हॉकी अकादमी के कोच अजीत जैन ने समस्त खिलाड़ियों और हॉकी समुदाय की ओर से विधायक अशोक कोठारी और जिला कलेक्टर जसमीत संधू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल खेल सुविधाओं को बढ़ाएगी बल्कि जिले की नई पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में गेम-चेंजर साबित होगी।



इस अवसर पर प्रताप नगर स्कूल के पूर्व शारीरिक शिक्षक ओम व्यास, वर्तमान शिक्षक डॉ. तेजराज मेवाड़ा, प्रिंसिपल भानूप्रकाश पारीक, विधायक खेल विकास योजना के विवेक निमावत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। घोषणा के बाद उत्साहित करीब 60 नन्हे हॉकी खिलाड़ी विधायक कार्यालय और जिला कलेक्टर निवास पहुंचे, जहां उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित कर दोनों जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया।

सीनियर खिलाड़ियों और हॉकी प्रेमियों में भी उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान गोपाल राज पारीक, यशपाल सिंह, दिनेश सोलंकी, श्याम विश्नोई, पलक राजपूत और मनीषा सोलंकी सहित कई खेल प्रेमियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर खुशी जताई।

# निंबार्क आश्रम से निकली शिवजी की अलौकिक बारात, पथिक नगर में हुआ पार्वती से विवाह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह मांगलिक कार्यक्रम आयोजक नीलम एवं दिनेश शर्मा द्वारा विजय सिंह पथिक नगर स्थित परिसर में आयोजित किया गया।

### महोत्सव की शोभा का मुख्य आकर्षण

निंबार्क आश्रम से निकली शिवजी की अलौकिक बारात, जिसकी शुरुआत शाम 4:15 बजे हुई। महंत मोहन शरण शास्त्री की अगुवाई में निकली यह शाही बारात अत्यंत आकर्षक रही। इसमें शामिल भक्तगणों ने भूत, प्रेत और गणों का वेश धारण किया हुआ था, जो ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

बारात जैसे ही विजय सिंह पथिक नगर पहुंची, पूरा इलाका शिव-भक्ति के रंग में रंग गया। स्थानीय निवासियों ने घरों पर दीप प्रज्वलित किए, मंगल गीत गाए और पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्ति, उल्लास और दिव्यता से भर गया।



भव्य स्वागत के बाद विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से विवाह की रस्में सम्पन्न कराई गईं। विवाह के इस पावन अवसर पर उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने बड़ी श्रद्धा से भाग लिया। महाआरती के बाद महंत मोहन शरण शास्त्री ने शिव-पार्वती विवाह के आध्यात्मिक महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विवाह जीवन में प्रेम, त्याग और समरसता का प्रतीक है।

## QUICK BITES

# राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**




कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण पर ले जाया गया। यह भ्रमण नितिन स्पिनर्स, भंवरिया कला बेगूं क्षेत्र में आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों ने वस्त्र निर्माण की आधुनिक प्रक्रियाओं और उद्योग के कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान विद्यार्थियों को उद्योग में उपयोग होने वाली विभिन्न मशीनों, उत्पादन प्रक्रिया और प्रबंधन व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नाथूलाल मीणा, कैलाश प्रजापत, रामेश्वरलाल माली और आबल देवी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# शहर विधायक ने किया राजस्थान पत्रकार परिषद के स्टीकर का विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर विधायक अशोक कोठारी ने अपने कार्यालय पर राजस्थान पत्रकार परिषद के स्टीकर का विमोचन किया। जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने बताया कि परिषद के सदस्यों के वाहनों के लिए विधायक कोठारी ने किया। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह नाथावत, देवकरण सैनी, बालगोविंद व्यास, राजकुमार गोयल सहित कार्यालय प्रतिनिधि सहित युनेस्को के निवर्तमान अध्यक्ष व समाजसेवी चेतन मानसिंहका, बाबुलाल टांक का विशेष सहयोग रहा।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों का वार्षिक भौतिक सत्यापन शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 दिसंबर तक कराया जा सकता है। उप निदेशक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि सत्यापन ई-मित्र कियोस्क या ई-मित्र प्लस केंद्रों पर अंगुली की छाप से तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से फेस रिकॉग्निशन द्वारा किया जा सकता है।

यदि इन माध्यमों से सत्यापन नहीं हो पाता, तो पेंशनर संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर ओटीपी अथवा दस्तावेजों की जांच के आधार पर सत्यापन करा सकते हैं।

# बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता, मक्के की फसल अंकुरित होकर बर्बाद

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)** कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले सप्ताह लगातार हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार नमी और धूप की कमी के कारण खेतों में कटी पड़ी मक्का की फसल पूरी तरह खराब हो गई। खेतों में पड़े मक्के के भुट्टे अब अंकुरित होने लगे हैं, जिससे फसल बेकार हो गई है और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। आकोला के किसान मुकेश श्रोत्रिय ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में मक्का का ढेर लगाया था, लेकिन लगातार बारिश से वह गीला हो गया। जब मौसम साफ होने पर उन्होंने फसल को संभालने की कोशिश की, तो देखा कि भुट्टों में से दाने अंकुरित होकर बाहर निकलने लगे थे। किसानों का कहना है कि यह फसल अब किसी काम की नहीं रही, जिससे पूरे सीजन की मेहनत पर पानी फिर गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।